पाठ योजना

कक्षा :6 इकाई: २

पाठ: हिंदुस्तान हमारा

अधिगम उद्देश्य:

- वर्णनात्मक लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करना ।
- वर्णनात्मक लेखों की विशेषताएँ पहचानकर लिखना ।
- देश-प्रेम भरे नारा गीत लिखना ।

आशय :

- आलंकारिक तथा विशेषण शब्दों के प्रयोग से भाषा खूबसूरत बनती है ।
- नारा गीत ताल-युक्त, संक्षिप्त एवं समृद्ध होता है ।

मूल्य एवं मनोभाव :

- देश की संस्कृति एवं गौरव का संरक्षण करता है ।

कालांश :

सामग्री :

- कविता चार्ट

अधिगम गतिविधियाँ :

- लेख का वाचन करना ।
- नए शब्दों से परिचित होना ।
- नए शब्दों के अर्थ शब्दकोश से ढूँढ़ कर पुस्तिका में लिखना ।
- कविता के द्वारा लेख का आशय समझना ।

अनौपचारिक संवाद :

बच्चो आप लोगों ने भित्ति पत्रिका तैयार किया ।किन-किन के बारे में तैयार किया ?
बच्चों के उत्तर टीचर श्यामपट पर सूचीबद्ध करती हैं ।
ये सब भारत की खूबियाँ हैं ।

HINDI ADHYAPAK MANCH

बताइए, हिंदुस्तान की और क्या-क्या खूबियाँ है ? (प्रतिक्रिया)
टीचर कविता लिखी चार्ट प्रस्तुत करती हैं ।

ताज है ताज है भारत
संसार का ताज है भारत
फैली है फैली है चमक
विश्व भर फैली है भारत की चमक ।

झलक झलक भौगोलिक झलक
सुंदर-सुंदर भौगोलिक झलक
खूबसूरत भौगोलिक झलक ।

मौसम मौसम अनोखे मौसम
रंग बदलते अनोखे मौसम
समय-समय पर रंग बदलते अनोखे मौसम ।

संपन्न संपन्न संस्कृति
शान बनी संपन्न संस्कृति ।

हीरे हैं सब हीरे हैं
इस ताज में जड़े हीरे हैं

वैयक्तिक वाचन ।
नए शब्दों का अर्थ शब्दकोश की सहायता से ढूंढ़ते हैं ।
दलों में आशयों का लेन-देन ।
छोटे-छोटे प्रश्न पूछ कर टीचर आशय ग्रहण में बच्चों की सहायता करती हैं ।

जैसे :
संसार का ताज कौन सा है ?
संसार का ताज भारत है ।
विश्व भर क्या फैली है ?
विश्व भर भारत की चमक फैली है ।

HINDI ADHYAPAK MANCH

कैसी झलक है ?

खूबसूरत भौगोलिक झलक ।

भारत के मौसम कैसे हैं ?

समय-समय पर रंग बदलते अनोखे मौसम है ।

भारत की संस्कृति कैसी हैं ?

शान बनी संपन्न संस्कृति है ।

भारत रूपी ताज में जड़े हीरे कौन-कौन से हैं ?

खूबसूरत भौगोलिक झलक, समय-समय पर रंग बदलते अनोखे मौसम और शान बनी संपन्न् संस्कृति ।

टीचर अगला चार्ट प्रस्तुत करती हैं ।

पर्वत पर्वत सजे पर्वत
घने पेड़ों से सजे पर्वत ।

बहती नदियाँ बहती नदियाँ
खिल -खिला कर बहती नदियाँ ।

झूमती बारिश झूमती बारिश
अपने बालों को खोलकर झूमती बारिश
काली घटा से काली घटा से
अपने बालों को खोलकर झूमती बारिश ।

खेत खेत लह-लहाते खेत
नाचते-नाचते लह-लहाते खेत
हरा - हरा घाँघरा पहनकर
नाचते लह-लहाते खेत ।

ये सब ये सब भारत की
अपनी-अपनी विशेषताएँ हैं।

HINDIADHYAPAK MANCH

भारत में कैसे पर्वत हैं?
घने पेड़ों से सजे पर्वत हैं।
भारत की नदियाँ कैसी हैं?
खिल-खिलाकर बहती नदियाँ हैं।
कैसी बारिश है?
काली घटा से अपने बालों को खोलकर झूमती बारिश ।
कैसे खेत हैं?
हरा घाँघरा पहनकर नाचते लहलहाते खेत ।
भारत की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
घने पेड़ों से सजे पर्वत, खिल-खिलाकर बहती नदियाँ, काली घटा से अपने बालों को खोलकर झूमती बारिश, हरा घाँघरा पहनकर नाचते लह-लहाते खेत आदि भारत की अपनी विशेषताएँ हैं।
टीचर अगला चार्ट भी दिखाती हैं।

गुज़र गुज़र जाती है देश से
मुस्कराती हुई जाती है।
मेहमान बनकर जाती है
छह ऋतुएँ गुज़र जाती है।

गर्मी, सर्दी, बारिश सब
अतिथि बनकर आते हैं।
हर साल अतिथि बनकर आते हैं।

ये कई नज़ारे लाते हैं
फल, फूल, धूप, पानी जैसे
कई नज़ारे लाते हैं।

खान, पान, रहन-सहन
धर्म, भाषा, वेश-भूषा

HINDI ADHYAPAK MANCH

अलग-अलग है भारत में
पर एकता से रहते हैं।
हम भारतवासी रहते हैं।

टीचर पूछती हैं।
मेहमान बनकर कौन गुज़र जाती हैं?
मेहमान बनकर छह ऋतुएँ गुज़र जाती हैं।
छह ऋतुएँ कौन-कौन सी हैं?
वसंत ऋतु, ग्रीष्म ऋतु, वर्षा ऋतु, शरद ऋतु, हेमंत ऋतु और शिशिर ऋतु ।
हर साल अतिथि बनकर कौन-कौन आते हैं?
गर्मी, सर्दी, और बारिश।
फल, फूल, धूप, पानी जैसे कई नज़ारे लाते हैं। कौन?
गर्मी, सर्दी और बारिश।
भारत किन-किन पर विविधता रखती है?
खान-पान, रहन-सहन, धर्म, भाषा और वेश-भूषा।
'हिंदुस्तान हमारा' लेख वैयक्तिक रूप से वाचन करने का अवसर देती हैं।
टीचर प्रश्न पूछती हैं।
लेख का विश्लेषण करने में बच्चों की मदद करने केलिए ये प्रश्न भी पूछती हैं।
'भारत संसार का ताज है।' ऐसा क्यों कहते हैं?
'बालों को खोलकर झूमती बारिश' प्रयोग का क्या तात्पर्य है?
सभी हिंदुस्तानियों की पहचान एक है। इससे क्या मतलब है? 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा।' ऐसा क्यों कहा गया है?
टीचर पाठ स्वराघात-बलाघात, हाव-भाव, उतार-चढाव आदि पर ज़ोर देकर वाचन करती हैं।
टीचर पूछती हैं।
बच्चो, इस लेख में कौन-सा वाक्य अच्छा लगा? क्यों?
प्रतिक्रिया।
चर्चा।
टीचर कहती हैं।

HINDI ADHYAPAK MANCH

आलंकारिक तथा विशेषण शब्दों के प्रयोगों से भाषा का सौंदर्य बढता है।
टीचर प्रश्न पूछती हैं।
लेख में पर्वत की क्या विशेषता बताई है?
घने पेड़ों से सजे का क्या मतलब है?
प्रतिक्रिया
लेख से ऐसे वाक्यों को चुनकर पन्ना ३६ की वर्कशीट के पहले भाग लिखने का निर्देश देती हैं। पन्ना ३६ की तालिका भरने का निर्देश देती हैं।
वैयक्तिक रूप से लिखता है।
दल में परिमार्जन करते हैं।
एक दल प्रस्तुत करता है।
चर्चा
अन्य दलों को जोड़ने का अवसर देते हैं।
पन्ना ३७ का नारा गीत बोर्ड पर लिखती हैं।
पढने का मौका देते हैं।
टीचर पूछती हैं।
इन नारे गीतों का विषय क्या है?
प्रतिक्रिया
इन विषय पर हम भी एक नारागीत तैयार करना हैं ।
वैयक्तिक रूप से लिखने का अवसर देती हैं।
प्रस्तुति।
दल में परिमार्जन करने का अवसर देती हैं।
प्रत्येक दल नारागीत प्रस्तुत करते हैं।
टीचर की प्रस्तुति।
नारेगीतों का संकलन करके प्रदर्शिनी चलाते हैं।

HINDI ADHYAPAK MANCH